दिन–बुधवार दिनांक– 23 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. चक्रवाती तूफान दाना कल रात तक ओडिशा के तटीय क्षेत्रों में दस्तक देगा। कई क्षेत्रों में प्रभाव पड़ने की आशंका।

02. तूफान के प्रभाव से बिहार के पूर्वी हिस्सों में गरज के साथ बारिश की संभावना। कटिहार रेल मंडल से होकर गुजरने वाली छह जोड़ी रेलगाड़ियां रद्द।

03. जन सुराज पार्टी ने तरारी और बेलागंज से उम्मीदवारों को बदला। तरारी से किरण सिंह और बेलागंज से मोहम्मद अमजद नये प्रत्याशी घोषित।

04. और, शिक्षा विभाग ने छह नवंबर को राज्य के सरकारी स्कूलों में खरना की छुट्टी घोषित की।

———————————————————

भीषण चक्रवाती तूफान दाना कल देर रात या शुक्रवार तड़के तक ओडिशा के तटवर्ती क्षेत्रों भितरकनिका और धामरा के बीच दस्तक दे सकता है। इस दौरान एक सौ से एक सौ बीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। अभी चक्रवात ओडिशा के पारादीप से पांच सौ बीस किलोमीटर और पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप से छह सौ किलोमीटर की दूरी पर है और पन्द्रह किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बंगाल की खाड़ी में ओडिशा तट की ओर बढ रहा है।

———————————————————

चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव से राज्य के पूर्वी और दक्षिणी भागों कई स्थानों पर मौसम में बदलाव हुआ है। कटिहार और आसपास के क्षेत्रों में तेज बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले दो दिनों तक भागलपुर, बांका, मुंगेर, शेखपुरा, जहानाबाद, नालंदा, लखीसराय, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज जिले के विभिन्न भागों में बारि़श की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वरिष्ठ वैज्ञानिक आशीष कुमार ने बताया कि कुछ भागों में तेज हवा चलेगी।

———बाईट———

——————————————————————————

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने चक्रवाती तूफान के मद्देनजर कटिहार मंडल से गुजरने वाली छह जोड़ी रेलगाड़ियों का परिचालन रद्द कर दिया है। आज खुलने वाली कामाख्या–बेंगलुरू एक्सप्रेस, सिलचर–सिकंदराबाद एक्सप्रेस और डिब्रुगढ़ कन्याकुमारी विवेक एक्सप्रेस का परिचालन रद्द कर दिया गया है। साथ ही बेंगलुरु कामाख्या एस एफ एक्सप्रेस और सिकंदराबाद सिलचर एक्सप्रेस छब्बीस अक्टूबर को रद्द रहेगी। जबकि कामाख्या बेंगलुरु एक्सप्रेस ट्रेन को सत्ताईस अक्टूबर को रद्द कर दिया गया है।

——————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के विभिन्न भागों में बुनियादी संरचनाओं को मजबूत बनाने पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। श्री कुमार आज सुपौल में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने भपटियाही में उनतीस करोड़ नब्बे लाख की लागत से बने रेल ओवर ब्रिज का उद्घाटन किया। साथ ही मॉडल भपटियाही थाना के नए भवन का लोकार्पण और सुपौल नगर परिषद क्षेत्र में बाईस करोड़ आठ लाख की लागत से निर्मित स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सह पंप हाउस का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने जिले के विभिन्न सड़कों के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण कार्य सहित कई निर्माण कार्यों का शिलान्यास भी किया।

——————————————————————————

राज्य के चार विधानसभा क्षेत्रों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ में तेरह नवम्बर को होने वाले उपचुनाव को लेकर नामांकन पत्र दाखिल करने का कार्य तेज हो गया है। निर्वाचन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अब तक इन चारों सीटों पर पन्द्रह नामांकन पत्र दाखिल किये गये हैं। हमारे गया संवाददाता ने बताया कि आज इमामगंज विधानसभा क्षेत्र से दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। जबकि बेलागंज विधानसभा क्षेत्र से चार प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा भरा। इधर, असदउद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने चारों सीटों पर प्रत्याशी उतारने का एलान कर दिया है। जबकि ताजा घटनाक्रम में प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज ने तरारी और बेलागंज सीट से अपने प्रत्याशी बदल दिए हैं। आरा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए

प्रशांत किशोर ने कहा कि भोजपुर के तरारी से किरण सिंह पार्टी की उम्मीदवार होंगी। जबकी गया के बेलागंज से मोहम्मद अमजद पार्टी के नये प्रत्याशी होंगे।

————————————————————————

निवार्चन आयोग आगामी उनतीस अक्टूबर से अट्ठाईस नवंबर तक प्रदेश भर मे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाएगा। इस दौरान मतदाता, निर्वाचक सूची में अपना नाम जुड़वाने–हटाने तथा नाम, पता में अन्य किसी भी तरह के संशोधन के लिए आवेदन कर सकेंगे। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी साझा करते हुए बताया है कि दो नवंबर, तीन नवंबर, तेईस नवंबर और चौबीस नवंबर को विशेष पुनरीक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा।

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने आज से भारत ब्रैंड चना दाल की बिक्री का दूसरा चरण आरंभ किया। भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता परिसंघ लिमिटेड– एनसीसीएफ और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन परिसंघ – नेफेड के माध्यम से यह बिक्री की जा रही है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि भारत चना दाल केन्द्रीय भण्डार, मोबाइल वैन, नेफेड और ई–कॉमर्स के माध्यम से 70 रूपये प्रतिकिलो की दर से उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा चना 58 रूपये प्रतिकिलो, भारत मूंग दाल 107 रूपये प्रतिकिलो और मसूर दाल नवासी रूपये प्रतिकिलो मिलेगी। श्री जोशी ने कहा कि सरकार ने मूल्य स्थिरता कोष में दस हजार करोड रूपये आवंटित किये हैं। इस राशि का उपयोग मंहगाई पर नियंत्रण के लिए किया जा रहा है।

———बाईट———

आज माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा प्राइस स्टेबलाइजेशन फंड में एक खरीद के रखा था वो आज हम इस त्योहार के समय में बाजार में बेच रहे पल्सिस का इस बार भी एमएसपी भी बढा दिया है। इसका ज्यादा प्रोडक्शन हो। बीज ड्रिस्टिब्यूशन के साथ ही साथ नेफेड और एनसीसीएफ इसका एक एग्रीमेंट भी कर रहा है। जो भी इसमें उगाते हैं उसका पूरा खरीदने का वायदा भी कर रहे हैं।

————————————————————————

विभिन्न शिक्षक संघों की मांग को देखते हुए राज्य सरकार ने सरकारी स्कूलों में छठ माहपर्व के दौरान छह नवंबर को खरना की छुट्टी भी घोषित की है। इस संबंध में शिक्षा विभाग ने अब से थोड़ी देर पहले अधिसूचना जारी कर दी है। इससे पहले शिक्षामंत्री सुनिल कुमार ने खरना की छुट्टी को लेकर सकारात्मक संकेत दिए थे।

——————————————————————

आईटीबीपी के कल होने वाले स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में आज पटना जिले के फुलवारीशरीफ के गोनपुरा पंचायत में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । आईटीबीपी के कमांडेंट अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि इस दौरान नागरिको के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

———बाईट———

——————————————————————

प्रदेश में आगामी रबी मौसम के दौरान लगभग 40 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं और अन्य फसलों की खेती होगी।कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने आज इसकी जानकारी दी है। पटना में रबी महाभियान का उदघाटन करने के बाद कृषि मंत्री ने कहा कि इसमें से लगभग 26 लाख हेक्टेयर में गेहूं की खेती की जायेगी । वहीं मक्का, जौ और दलहन के कुछ फसल भी लगाये जायेंगे । रबी कृषि महा अभियान के बारे में मंत्री ने कहा कि इसका मकसद किसानों को उन्नत खेती के बारे में बताना और उन्हें गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराना है। श्री पांडेय ने कहा कि किसानों को इस महाभियान के दौरान कृषि विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जायेगी ।

———बाईट———

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कई कदम उठाये जा रहे हैं इसका लाभ उन्हें लेना चाहिए ।

———बाईस———

——————————————————————

जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्विकास का कार्य शीघ्र शुरू किया जायेगा। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि केन्द्रीय टीम ने बाढ़ से क्षति का आकलन किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि टीम की रिपोर्ट के आधार पर केन्द्र सरकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए बड़ी सहायता राशि जारी करेगी।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

कर्नल सी के नायडू अंडर ट्वेंटी थ्री क्रिकेट प्रतियोगिता के एक मुकाबले में मध्यप्रदेश ने बिहार को पारी और दो सौ चौदह रन के बड़े अंतर से पराजित कर दिया। इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेले गये मुकाबले के अंतिम दिन बिहार की दूसरी पारी केवल अठहत्तर रनों पर ही सिमट गई। इससे पहले मध्यप्रदेश ने पहली पारी में चार विकेट पर चार सौ चार रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

ग्यारह नवंबर से राजगीर में आयोजित होनेवाली एशियन महिला हॉकी चैंपियन्स ट्रॉफी को लेकर राज्य में जारी ट्रॉफी गौरव यात्रा आज बेगूसराय पहुँची। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के विभिन्न अधिकारियों ने गाँधी स्टेडियम में गौरव यात्रा का स्वागत किया। यह यात्रा खेल प्रेमियों में उत्साह बढ़ाने के उद्‌देश्य से की जा रही है। गौरतलब है कि राज्य में पहली बार हॉकी की किसी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्य सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान सभी ग्राम पंचायतों में कम से कम एक खेल मैदान बनाने के निर्देश दिए है। ग्रामीण विकास विभाग ने इस संबंध में सभी अधिकारियों को पन्द्रह नवंबर तक योजनाओं को स्वीकृति प्रदान करने को कहा है।

इसके तहत बास्केट बॉल, बैडमिंटन, वॉली बॉल, रनिंग ट्रैक समेत अन्य खेलों के लिए संरचनाओं का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाना है।

---

केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य–पूर्वी क्षेत्र की ओर से भूजल संसाधनों के प्रबंधन को लेकर आज से पटना में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरूआत हुई। इसका उद्‌घाटन बोर्ड के क्षेत्रिय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला ने किया।

---

गोपालगंज के जिलाधिकारी प्रशांत कुमार सीएच ने आज समाहरणालय परिसर में मोबाइल पासपोर्ट कैंप का उद्‌घाटन किया।

---

सारण जिले में जिलाधिकारी के निर्देश पर जन वितरण दुकानों की जाँच की जा रही है।

---

01. चक्रवाती तूफान दाना कल रात तक ओडिशा के तटीय क्षेत्रों में दस्तक देगा। कई क्षेत्रों में प्रभाव पड़ने की आशंका।

02. तूफान के प्रभाव से बिहार के पूर्वी हिस्सों में गरज के साथ बारिश की संभावना। कटिहार रेल मंडल से होकर गुजरने वाली छह जोड़ी रेलगाड़ियां रद्‌द।

03. जन सुराज पार्टी ने तरारी और बेलागंज से उम्मीदवारों को बदला। तरारी से किरण सिंह और बेलागंज से मोहम्मद अमजद नये प्रत्याशी घोषित।

04. और, शिक्षा विभाग ने छह नवंबर को राज्य के सरकारी स्कूलों में खरना की छुट्‌टी घोषित की।

---

समाप्त